
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# राशन की दुकानों में हैण्डवाश सेन्टाइजर रखवाना सुनिश्चित करें

## बायोमैट्रिक ट्रांजेक्शन के अन्य तरीकों का उपयोग करें

**निर्देश**

**संवाददाता**

देहरादून। आयुक्त खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सुशील कुमार ने कहा कि प्रदेश में समस्त पेट्रोल पम्पों, गैस एजेन्सियों, राजकीय अन्न भण्डारों एवं राशन की दुकानों में साबुन, हैण्डवाश तथा सेन्टाइजर रखवाना सुनिश्चित करें तथा उपस्थित कर्मचारी, व्यक्ति आवश्यकतानुसार मास्क का प्रयोग करें। राशन की दुकानों में बायोमैट्रिक ट्रांजेक्शन के अन्य तरीकों का उपयोग करें। बार–बार स्पर्श की गयी सभी सतहों जहां हाथ पहुंचने/छूने से संक्रमण का खतरा हो उसको नियमित सफाई, सेनेटाइज करें। राजकीय खाद्यान्न गोदामों में परिवहन एवं लदान–ढुलान में लगे व्यक्तियों को भी आवश्यकतानुसार मास्क का प्रयोग करने हेतु निर्देशित करें।



आयुक्त खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति ने प्रदेश के सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को एडवायजरी दी है कि शासन स्तर से कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है एवं निरन्तर समीक्षा की जा रही है। कोरोना वायरस की रोकथाम एवं नियंत्रण प्रबंधन के अन्तर्गत कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि कार्यालयों को स्वच्छ रखें, बैठकों का आयोजन न करते हुए वीडियो कान्फ्रेंस का उपयोग करें। जिन कार्मिकों को खांसी, जुकाम एवं सांस लेने में तकलीफ के लक्षण दिखाई दे, उन्हें कार्यालय न आने या संभव हो तो घर से कार्य करने की अनुमति प्रदान की जाय।

उन्होंने कहा कि कार्यालयों में कर्मचारी अभिवादन में हाथ न मिलायें, आवश्यकतानुसार मास्क का प्रयोग करें। कार्यालयों के सभी वाशरूम में हैण्डवाश तथा सेनीटाइजर रखवाना सुनिश्चित करें।

## न्यूज डायरी

### लिब्बरहेड़ी चीनी मिल ने किया 12 जनवरी तक का भुगतान

**संवाददाता** रुड़की। लिब्बरहेड़ी चीनी मिल से जुड़े किसानों के खाते में 12 जनवरी तक का भुगतान भेज दिया है। यह भुगतान किसानों के खाते में सीधे भेजा है। चीनी मिल के महाप्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि चीनी मिल की ओर से किसानों के खाते में धनराशि ट्रांसफर कर दी गई है। यदि किसी किसान के खाते में भुगतान नहीं पहुंचा है तो उसकी एडवाइज बनाकर भेज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मिल प्रबंधन की ओर से सात दिन के भुगतान की और तैयारी की जा रही है। जल्द ही यह भुगतान भी किसानों के खाते में भेज दिया जाएगा। वहीं इकबालपुर गन्ना समिति के सचिव कुलदीप तोमर ने बताया कि इकबालपुर चीनी मिल की ओर से भी बीस जनवरी तक के भुगतान की एडवाइज आ गई है। किसानों को यह भुगतान जल्द मिल जाएगा।

### झाड़–फूंक के नाम पर लाखों रुपए ऐंठने वाले आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता** बागेश्वर। झाड़–फूंक व पूजा–पाठ के नाम से पौने तीन लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अदालत में पेश करने की तैयारी है। बागेश्वर जिले के महरूड़ी क्षेत्र के छिपछिया निवासी दीवान सिंह पुत्र खुशाल सिंह ने आठ मार्च को कांडा थाने में तहरीर दी। कहा कि मूसा पठान खान, बंगाली नाम के व्यक्ति ने उनके पिता से धोखाधड़ी झाड़–फूंक के नाम पर 2,74,110 रुपये ठग लिए हैं।

### डोमिनोज पिज्जा ने भारत में जीरो कॉन्टैक्ट डिलीवरी की पेशकश की

**संवाददाता** देहरादून। डोमिनोज पिज्जा, भारत में चेन्ड पिज्जा सेगमेंट में बाजार अग्रणी, ने देश में मौजूद अपने सभी 1325 रेस्टोरेंट में "जीरो कॉन्टैक्ट डिलीवरी" की पेशकश की है। इस सेवा से ग्राहकों को उनके ऑर्डर्स डिलीवरी स्टॉफ से बिना किसी संपर्क के प्राप्त होंगे। इस फीचर को ग्राहकों एवं डिलीवरी स्टॉफ दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त ऐहतियाती कदम के तौर पर लाया गया है। जीरो कॉन्टैक्ट डिलीवरी" सेवा का लाभ उठाने के लिए, ग्राहक को डोमिनोज एप्प का नया वर्जन इस्तेमाल करना होगा और इसमें ऑर्डर करते समय जीरो कॉन्टैक्ट डिलीवरी का ऑप्शन चुनना होगा। सेफ डिलीवरी एक्सपर्ट जब ऑर्डर लेकर आयेगा तो वह एक सुरक्षित दूरी पर वापस जाने से पहले उसे एक कैरी बैग में ग्राहक के घर के दरवाजे के सामने रख देगा। सेफ डिलीवरी एक्सपर्ट यह सुनिश्चित करने के लिए इंतजार करेगा कि इस बैग को कलेक्ट कर लिया गया है।

# सीएम ने पेयजल परियोजना से संबंधित कार्यो की समीक्षा की

**समीक्षा**

देहरादून। **संवाददाता**



एनआईसी द्वारा तैयार वेब पोर्टल को लांच करते हुए सीएम।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को सचिवालय में पेयजल परियोजना अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा हेतु एनआईसी द्वारा तैयार वेब पोर्टल को लांच किया। विश्व बैंक पोषित अर्द्धनगरीय पेयजल योजनाओं, जल शक्ति मिशन एवं अन्य पेयजल योजनाओं का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन इस ऑनलाइन पोर्टल से किया जायेगा। इस पोर्टल के माध्यम से पेयजल योजनाओं की कार्य प्रगति, डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट, योजना के तहत लगाये गये एवं अवशेष कनेक्शनों की जानकारी भी प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये की पेयजल योजनाओं की प्रतिमाह मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट दी जाय। जल शक्ति मिशन एवं अर्द्धनगरीय पेयजल योजनाओं के सफल संचालन के लिए कार्यों की निश्चित समयावधि तय की जाय।

नमामि गंगे के तहत अवशेष कार्यों को जल्द पूर्ण किया जाय। सचिव पेयजल अरविन्द सिंह ह्यांकी ने जानकारी दी कि राज्य के अर्द्धनगरीय क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति में सुधार के लिए 385.81 करोड़ रूपये की 12 पेयजल योजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

## उमेश अग्रवाल फाउण्डेशन ने घर-घर जाकर व कैंप लगाकर वितरित किए 8000 मास्क



जलसंस्थान कर्मी पाइपलाइन लीकेज को ठीक करते हुए।

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस से बचाव को लेकर उमेश अग्रवाल फाउन्डेशन ने 100000 मास्क वितरण करने की योजना बनाई है। इसी क्रम में गोविन्दगढ़ क्षेत्रांतरगत आजाद कॉलोनी में घर–घर जाकर लगभग 3000 मास्क का वितरण किया गया। इसके अलावा मोहब्बेवाला चौक में कैंम्प लगाकर फाउन्डेशन के महासचिव सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल द्वारा लगभग 5000 मास्क का वितरण किया गया और पत्रक वितरित कर जन जागरण अभियान चलाया गया। इस दौरान फाउन्डेशन के महासचिव सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने लोगों से अपील की कि कोरोना वायरस से हम सब मिलकर मुकाबला करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि फाउन्डेशन आगे भी जनहित के लिए कार्य करता रहेगा।

## प्रमोशन से रोक पर एससी एसटी कर्मचारी भड़के, आंदोलन की चेतावनी


**संवाददाता** देहरादून। प्रमोशन से रोक हटाए जाने के फैसले पर एससी एसटी कर्मचारी भड़क उठे हैं। उत्तराखंड एससी एसटी इंप्लाइज फेडरेशन की देहरादून में एक आपात बैठक हुई, जिसमें सरकार के निर्णय की आलोचना की गई। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष करम राम ने आरोप लगाया कि सरकार ने एससी एसटी वर्ग के साथ छल किया है, जिसके उसे भविष्य में कीमत चुकानी पड़ेगी। उसने दबाव में आकर निर्णय लिया, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने सात फरवरी 2020 के आदेश में स्पष्ट कहा था कि सरकार अपने विवेक से प्रमोशन में आरक्षण दे सकती थी।

फेडरेशन ने 22 को दून में प्रदेशस्तरीय बैठक बुलाई गई है, जिसमें आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। जनरल ओबीसी कर्मचारी हड़ताल से काम पर वापस तो आ गए हैं, लेकिन आगे की राह भी सरकार के लिए आसान नहीं है। उत्तराखंड जनरल ओबीसी इंप्लाइज एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अभी बाकी की मांगों के पूरा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# यातायात व्यवस्था सुधारने के प्रयासों को पलीता लगा रही खराब सड़कें

**संवाददाता**

देहरादून। दून पुलिस जहां राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए पसीना बहा रही है वहीं सड़कों की खस्ताहाली उसकी मेहनत पर पानी फेर रही है। टूटी फूटी इन सड़कों पर हर वक्त जाम की स्थिति बनी रहती है और वाहन हिचकोले खाते दिखायी देते है। यातायात व्यवस्था सूचारू रहे क्या इसकी जिम्मेदारी सिर्फ पुलिस विभाग की ही है यह एक सोचनीय सवाल है।



रायपुर रोड के चूना भट्टा के आस पास की स्थिति बेहद खराब है। यहां से गुजरना न सिर्फ जोखिम भरा है बल्कि दो मिनट के सफर में घंटों का सफर भी लग रहा है। राजधानी दून की सड़कों की खस्ताहाली की यह स्थिति सिर्फ रायपुर रोड तक ही सीमित नहीं है, राजधानी की तमाम सड़कों की हालत लगभग एक जैसी ही है।

मानसूनी सीजन बीतने के बाद हर बार दून की सड़कों को सुधारने का काम युद्ध स्तर पर किया जाता रहा है लेकिन इस साल राजधानी की सड़कों की मरम्मत के लिए बजट जारी होने के बाद भी उनकी हालत जस की तस बनी हुई है। इन दिनों राजधानी दून में स्मार्ट सिटी के जो काम चल रहे हैं उसके तहत राजपुर रोड व सुभाष रोड के साथ साथ पल्टन बाजार की सड़क पर भी पाइप लाइने डालने के लिए जगह जगह खुदाई का काम किया जा रहा है जिसके कारण पूरे शहर की सड़कों की हालत अत्यन्त ही खराब हो चुकी है। पूरे शहर की सड़कों पर गहरे गड्ढे और धूल के गुबार की स्थिति बनी हुई है।

खराब सड़कों के कारण यातायात भी बाधित हो रहा है। जगह जगह गहरे गढढों से दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। जहां देखो जाम की स्थिति बनी रहती है। दून पुलिस यातायात को सुधारने के लिए जितनी भी कोशिशें कर रही है उन कोशिशों को खराब सड़कें पलीता लगा रही हैं।